खाटू वाले श्याम तेरा है सारा जग दीवाना | By Deepali Yadav

खाटू वाले श्याम तेरा है सारा जग दीवाना
तेरा नाम जपे दुनिया तू ऐसी कृपा बरसाना

जिसने भी तुझको जाना वो हो गया दीवाना
तेरे दर पे आके बाबा है झुकता सारा ज़माना
तेरे ही करम से यहाँ होता मेरा नज़राना
तेरा नाम जपे दुनिया तू ऐसी कृपा बरसाना
खाटू वाले श्याम तेरा.....

मैंने ज़िन्दगी में हर पल तेरा नाम ही पुकारा
मेरा हाथ थामे रखना मेरा श्याम तू ही सहारा
खाटू वाले श्याम तेरी महिमा को है जाना
तेरा नाम जपे दुनिया तू ऐसी कृपा बरसाना
खाटू वाले श्याम तेरा.....

तू ही मेरी है होली तू ही मेरी दिवाली
तेरी शरण में आई है तेरा नाम जपे दीपाली
कृष्णा तुम्ही श्याम तुम्ही सब पे कृपा बरसाना
तेरा नाम जपे दुनिया तू ऐसी कृपा बरसाना
खाटू वाले श्याम तेरा.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%b8%e0%a4%be/